तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **गोरधनराम बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या 111/2022	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13.06.22	अपीलार्थी गोरधनराम सोनी पुत्र किसनाराम सोनी निवासी ग्राम जाजीवाल कला, तहसील व जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 22.03.2022 में उसके द्वारा (1) पटवार क्षेत्र जाजीवाल कला तहसील व जिला जोधपुर के हलका पटवारी सुरेश सारस्वत द्वारा जाजीवाल के खातेदारों को अकाल के तहत खाद बीज के लिए अनुदान दिया गया है, उन समस्त खातेदारों के नाम जिनको अनुदान स्वीकृत किए गए, उनके नाम, खसरा न., स्वीकृत राशि तथा कितने खातेदारों को अनुदान दिए गए, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपल[illegible] अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.08.24 18:19:18 IST
Reason: SelfAttested